# जिले में एक साथ 35 पंचायत सचिवों की रोकी वेतनवृद्धि

## जिपं सीईओ के आदेश के विरोध में पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, आदेश निरस्ती की मांग




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला पंचायत सीईओ के एक आदेश को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रशासनिक महकमे में बबाल खड़ा हो गया। इस आदेश को जहां कुछ लोगों द्वारा लापरवाही पर चाबूक चलाकर अंकुश लगाने की बात कहीं गई है। तो वहीं कुछ लोगों द्वारा इस आदेश को नियमों के विरूद्ध बताया गया। वहीं आदेश से विरोध में पंचायत सचिवों द्वारा एक आवेदन कलेक्टर आदित्य सिंह को सौंपकर जिला पंचायत सीईओ के आदेश का निरस्त किये जाने की मांग की गई। तो वहीं कलेक्टर न्यायालय में भी अपील लगाई गई है।

दरअसल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन द्वारा एक साथ जिले के 35 पंचायत सचिवो की संचयी प्रभाव से एक बेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश जारी किया गया। यह आदेश पंचायतों में कर बसूली में लापरवाही को लेकर दिया गया, लेकिन आदेश के बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से पंचायत सचिव और जिपं सीईओ आमने सामने आ गए। जिसके चलते पंचयात सचिवों ने इसे अनैतिक बताते हुए विरोध दर्ज कराते हुए एक आवेदन कलेक्टर सिंह को सौंपा। जिसमें उन्होंने पंचायत सचिवों की समस्याओं और बर्खास्त किए गए पंचायत सचिवों की बहाली की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन और पंचायत सचिवों में पहले भी विवाद हो चुका है, जिसमें कथित तौर पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा ईसागढ़ बैठक के दौरान अभद्र भाषा शैली का उपयोग करने की बात कहीं गई। जिसके बाद धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन हुए थे। तो वहीं एक साथ 35 पंचायत सचिवों को कर बसूली में लापरवाही बताते बेतनवृद्धि रोके जाने का आदेश तूल पकड़ गया है। अब देखना यह होगा कि इस आदेश का पालन होता है, या फिर निरस्त किया जाता है, यह आगामी समय बतायेगा।

### कर वसूली की, फिर भी रोकी वेतन वृद्धि

पंचायत सचिव संगठन द्वारा कलेक्टर के नाम सौपे आवेदन में बताया गया है कि ग्राम पंचायतों में कर वसूली के संदर्भ में जिला अशोकनगर के 35 पंचायत सचिवों की संचयी प्रभाव से 01 बेतन वृद्धि रोक दी गई है। जबकि संबंधित पंचायत सचिवों के द्वारा ग्राम पंचायतों में कर की वसूली कर ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कर दी गई है। एवं रसीद जमा की एक प्रति जिला पंचायत कार्यालय मे जमा करा दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी जिला पंचायत सीईओ द्वारा बेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश दिया है, पंचायत सचिवों ने इस आदेश को निरस्त कर वेतन वृद्धि बहाल कराये जाने की मांग की गई।



# जिला प्रभारी ने कहा क्या बोवनी के बाद किसानों को मिलेगी खाद

**किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन**

**10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रभारी रोशन यादव के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें खाद की किल्लत, बिजली की समस्या को मुख्य रूप से अंकित किया गया। सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा 10 सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन से पूर्व समस्त कार्यकर्ता एकत्रित हुए और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों की मुख्य समस्याएं गिनाते हुए निराकरण की बात कहीं। इस दौरान जिला प्रभारी रोशन यादव जिला प्रशासन से सवाल करती नजर आई कि जिले में खाद की किल्लत विकराल रूप लेती जा रहीं है, जहां एक ओर फसल की बोवनी का समय चल रहा है, ऐसे में किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिस पर जिला प्रशासन की ओर बृज विहारीलाल श्रीवास्तव द्वारा जबाब दिया गया। सोमवार को सौंपे ज्ञापन में किसानों को मक्का 2400 रूपये और धान को 3100 रूपये क्विटल खरीदने की घोषणाकरने, सोयाबीन में जो भावांतर योजना लागू की गई है उसका लाभ असली किसानों को देने, 10 घंटे बिजली देने, किसानों को यूरिया सोसायटी पर ही उपलब्ध कराने और बिजली के बढ़े हुए बिल का विचार करने की बाते कहीं गई। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिह कुशवाह, विधायक हरिबाबू राय, सचिन शर्मा, अशोक शर्मा बड़े भैया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### छत्तीसगढ़ के जंगलों से दस्तयाब की 13 वर्षीय नाबालिग बालिका

**नवभारत चंदेरी।** थाने की पुलिस द्वारा एक 13 वर्षीय नाबालिग को छह दिन में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।चंदेरी पुलिस द्वारा नाबालिग को छत्तीसगढ़ से दस्तयाब किया है। उल्लेखनीय है कि एक दिसंबर को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट की गई थी उसकी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट थाने में दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू की गई। जहां दौराने विवेचना अपहर्ता के संदेही मोबाइल नंबर की लोकेशन ग्राम नवाटोला बिहारपुर छत्तीसगढ़ आने से चंदेरी पुलिस टीम गठित कर छत्तीसगढ़ रवाना की गई, छत्तीसगढ़ के जंगलों के बीच बसे गांव नवा टोला से आरोपी आशिक नाथ के कब्जे से अपहर्ता को दस्तयाब किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव, आरक्षक योगेंद्र रघुवंशी, संतोष त्यागी, आनंद राजपूत, महिला आरक्षक दीपिका पूरी, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक अभिजीत बिसेन, आरक्षक प्रशांत भदोरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ

**नवभारत अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में प्रारंभ हुई तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय संजय स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जज्जी ने जूनियर वर्ग की कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल आदि टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिताओं का आरंभ कराया।

**इन खेलों का होगा आयोजन**

प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल, रस्साकस्सी, गिल्ली-डंडा, सितोलिया, चपेटा, अष्टा-चंगा, गोला फेंक, लंबी कूद सहित विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं ब्लॉक स्तर पर विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी, जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी,सलिल त्रिपाठी,सनत शर्मा , पूर्व उपाध्यक्ष सचिन चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव सहित जनप्रतिनिधिगण,खेल प्रशिक्षक ओर खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अंबेडकर भवन की बनेगी बाउंड्रीवॉल, होगी पेंटिंग्स

## नगरपालिका परिषद की पीआईसी की बैठक में कई विकास कार्यों को मिली स्वीकृति



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें जिसमें नगर के विकास के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुहर लगा दी गई है। इन स्वीकृतियों से नगर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वार्ड क्रमांक 16 (अम्बेडकर भवन) इस वार्ड में स्थित अम्बेडकर भवन में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें टीन शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल का कार्य, और पेंटिंग कार्य शामिल हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में आवश्यकतानुसार सीसी (कंक्रीट) सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे जल निकासी और आवागमन की समस्या में सुधार होगा। विभिन्न वार्डों में चैंनल और चैम्बर लगवाए जाने के संबंध में भी स्वीकृति मिल गई है, जो सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने में सहायक होगा। इसके अलावा नगर में हाइमस्ट लाइट (High-Mast Light) लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी और सुरक्षा बढ़ेगी। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद आशुतोष देवलिया, पार्षद गीता आर्य, पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी, पार्षद आयुषी सतपाल लोधी उपस्थित रहीं। वहीं नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर पालिका सीएमओ विनोद उन्नीतान सहित नपा के उपयंत्री भी बैठक में मौजूद रहे।

# 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क और नाली



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में, सोमवार को वार्ड क्रमांक 04 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य डॉ. डीके जैन के घर से लेकर रघुनाथ धाम मंदिर तक किया जाएगा, जिसके तहत सीसी (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, वार्ड क्रमांक 04 के पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, गोपाल ओझा, योगेश खेरा, सनत शर्मा, बाबा शिवहरे,नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# बिजली संकट से जूझ रहे किसान सड़क पर उतरे, किया प्रदर्शन

**चक्काजाम के चलते फंसे रहे दोनों ओर वाहन**

**भारतीय किसान संघ के बैनर तले किया प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** बिजली गुल होने से त्रस्त शाढ़ौरा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने सोमवार सुबह गुना-अशोकनगर मुख्य मार्ग पर विद्युत मंडल कार्यालय के ठीक सामने चक्काजाम कर दिया। किसानों का आरोप था कि चिरौली फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति लगभग ठप पड़ी है। कभी-कभार आती भी है तो मिसकॉल की तरह चली जाती है, जिससे रबी फसल की सिंचाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

भारतीय किसान संघ के प्रदेश जैविक प्रमुख जगराम सिंह यादव एवं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान सुबह 10 बजे सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर उतर आए। गुना-अशोकनगर रोड दोनों तरफ पूरी तरह जाम हो गया। किसानों ने विद्युत मंडल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तत्काल 24 घंटे स्थिर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। चक्काजाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार एवं भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। करीब तीन घंटे चले हंगामे के बाद विद्युत वितरण कंपनी के डीई डीएस मेहरा स्वयं मौके पर पहुंचे। किसान नेताओं से वार्ता के बाद उन्होंने लिखित आश्वासन दिया कि चिरौली फीडर की सभी खराब लाइनों व ट्रांसफार्मरों की तुरंत मरम्मत कराई जाएगी और अगले 24-48 घंटे में सभी गांवों में स्थिर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगा।


**तीन घंटे बाद खोला जाम:**

इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया। तीन घंटे तक दोनों ओर वाहनों ज की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे में समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ बाड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# 2 लाख की लूट का माल बरामद, दो गिरफ्तार

**ग्राम खैजरा अटारी में हुई थी किसान से लूट**

**लूट के अन्य आरोपी भी पुलिस गिरफ्त से दूर**




**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा। थाना क्षेत्र के ग्राम खेजरा अटारी में 3-4 नवंबर की रात हुई सनसनीखेज डकैती का पुलिस ने 34 दिन में पर्दाफाश कर दिया।**

सोमवार अलसुबह पुलिस ने गुना जिले की भामावद चौकी क्षेत्र से दो मुख्य आरोपियों को उस समय रंगे हाथों पकड़ लिया जब वे लूटे हुए सोने-चांदी के जेवरात बेचने जा रहे थे। दोनों के पास से करीब 2 लाख रुपए कीमत के जेवरात बरामद कर लिए गए। एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी मिथुन कंजर (25) और हरदौल कंजर (27), दोनों चिंता का डेरा बिरयाई थाना कुंभराज, गुना के रहने वाले हैं और इनके खिलाफ पहले भी कई जिलों में लूट व डकैती के मामले दर्ज हैं। इस कामयाबी में थाना प्रभारी सुनील सिकरवार, निरीक्षक मनीष चौहान, साइबर सेल और शाढ़ौरा पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

**पूर्व सरपंच को बांधकर की थी डकैती:**

घटना के समय पांच-छह बदमाश पूर्व सरपंच महेन्द्र यादव के घर में घुसे थे और हथियारों के बल पर नकदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए थे। बदमाशों ने महेन्द्रसिंह व उनकी पत्नि को बांधकर मारपीट भी की थी। पुलिस ने प्रकरण में 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और बाकी माल की बरामदगी के लिए लगातार दबिश जारी है। बदमाश 25 तौला सोना और ढाई लाख रुपए नगद ले गए थे।

### वुशू में मुंगावली प्रथम, अशोकनगर द्वितीय

**अशोकनगर।** वुशू संघ द्वारा जिला स्तरीय वुशू प्रतियोगिता एवं नेशनल सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब स्थित वुशू हॉल में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जहां मुंगावली की टीम प्रथम रही, तो वहीं अशोकनगर की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**कार्रवाई** | **नगद इनाम घोषित कर बनी विशेष टीम को मिली बड़ी सफलता**

# 20 लाख की सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश, एक और आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में शाढौरा थाना क्षेत्र में हुई 20 लाख रुपये की लूट का एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर गिरफ्तारी की। उल्लेखनीय है कि 3 दिसंबर को गुना-अशोकनगर रोड पर नगऊखेड़ी तिराहा और रेलवे फाटक के बीच चार अज्ञात ए बदमाशों ने शाढ़ौरा निवासी नीरज साहू से 20 लाख रुपये की लूट के को अंजाम दिया था। मामले में की थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक क 298/25 धारा 309(6) है। बीएनएस के तहत मामला दर्ज बर कर जांच शुरू की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए कि पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात न आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद एसडीओपी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने लगातार प्रयास करते हुए 5 दिसंबर को मुख्य आरोपी राजा भदौरिया को गिरफ्तार किया। वहीं पूछताछ में उसने अपने साथी आरोपियों के नाम उजागर किए। जिनमें शिवा उर्फ शिवकुमार रघुवंशी, जसरथ उर्फ सोनू मीना, गोलू उर्फ राहुल मीना और अनिकेत मीना। इसके बाद टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर तंत्र के माध्यम से दूसरे आरोपी अनिकेत मीना (25) निवासी उमरिया कला, जिला गुना को 8 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से साथी आरोपियों द्वारा दिए गए 10 हजार रुपये भी बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले रैकी कर सुनियोजित तरीके से सामूहिक लूट को अंजाम दिया, जिस आधार पर धारा 111 बीएनएस भी जोड़ी गई। शेष फरार आरोपियों और लूटे गए पूरे सामान की बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे गैंग की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।